जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :डॉ. शेखर सिंह बघेल
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 105
दिनांक 08.06.2023

जनेकृविवि की रामतिल परियोजना के वैज्ञानिकों को आईसीएआर द्वारा उत्कृष्ट अनुसंधान कार्यों हेतु सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड से किया सम्मानित

कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने कृषि वैज्ञानिकों को दी बधाई

जबलपुर 08 जून, 2023। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में सतत् अनुसंधान कार्य जारी है। जिसके परिणाम स्वरूप जनेकृविवि के अंतर्गत संचालित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान तिल एवं राम तिल परियोजना की समूह बैठक गत दिवस कृषि विश्वविद्यालय मंडोर,जोधपुर, राजस्थान में आयोजित हुई। जिसमें संपूर्ण राष्ट्र से रामतिल परियोजना के वैज्ञानिकों ने अपने अनुसंधान के कार्यों की जानकारी विस्तार से प्रदान की एवं जिसकी समीक्षा की गई। इस दौरान रामतिल परियोजना छिंदवाड़ा को उत्कृष्ट अनुसंधान कार्य के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा गठित क्यूआरटी टीम द्वारा वर्ष 2017 से 2021 के उत्कृष्ट अनुसंधान कार्यों हेतु **सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड** से सम्मनित किया गया। ज्ञात हो कि गत वर्षो में किये गये उत्कृष्ट अनुसंधान कार्यो में 4 रामतिल की महत्वूपूर्ण किस्में विकसित की गई जिसमें जे.एन.एस.–521, जे.एन.एस.–2015–9, जे.एन.एस.–2016–1115 एवं जे. एन.एस.–2016–1413 तैयार की गई। अनुसंधान कार्यो में डॉ. बी.एन. तिवारी प्रमुख वैज्ञानिक, प्रजनक डॉ. पी.के. राय, शस्य वैज्ञानिक एवं डॉ. श्रीमती अरुणा देवी अहिरवार द्वारा उत्कृष्ट अनुसंधान कार्य किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप रामतिल परियोजना छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश को यह सम्मान प्राप्त हुआ है।

रामतिल परियोजना में अनुसंधान कार्य कर रहे वैज्ञानिकों की टीम द्वारा आज विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा से सौजन्य भेंट की एवं अवार्ड संबंधित जानकारी प्रदान की। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने रामतिल परियोजना में किए गए अतिउत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय, अनुसंधान कार्यों हेतु वैज्ञानिकों की अथक प्रयास एवं समर्पण हेतु बधाई दी एवं विश्वविद्यालय का गौरव राष्ट्रीय स्तर पर प्रदान कराने एवं सम्मान दिलाने हेतु अनेकानेक बधाई देते हुए प्रशंसा की।

गौरतलब है कि आईसीएआर के उपमहानिदेशक क्रॉप साइंस डॉ. पी.आर.शर्मा, क्यूआरटी के चेयरमेन भूतपूर्व कुलपति जे.ए.यू. डॉ. ए.आर.पाठक, एडीजी डॉ. संजीव गुप्ता, कुलपति एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी डॉ. बी.आर. चौधरी, संचालक आईआईओआर डॉ. आर.के. माथुर एवं रामतिल परियोजना समन्वयक डॉ. रजनी तोमर की उपस्थिति में अखिल भारतीय अनुसंधान रामतिल परियोजना छिंदवाड़ा को बेस्ट सेन्टर अवार्ड–सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय, डॉ. धीरेन्द्र खरे, संचालक अनुसंधान सेवायें, डॉ. जी.के. कौतू, पौध प्रजनक एवं आनुवांशिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आर. एस.शुक्ला, उपकुलसचिव डॉ. टी.आर.शर्मा, रामतिल परियोजना समन्वयक डॉ. रजनी तोमर, डॉ. श्रीमती अरुणा देवी अहिरवार, डॉ. आनंद पांडे, वैज्ञानिक, डॉ. के.एन.गुप्ता, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शेखर सिंह बघेल, आदि उपस्थित रहे। राष्ट्रीय स्तर की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष, अधिकारी, वैज्ञानिकों ने वैज्ञानिकों को बधाई प्रेषित की।